## संक्षिप्त

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह

**दूदू।** जिला मुख्यालय पर स्थित राजस्थान पेंशनर समाज कार्यालय सभागार में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान सरक्षक हाजी मदार बक्ष प्रमोदनागरवाल सहित सहित सभी पेंशन प्राप्त कर रहे कर्मचारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**निवाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरिया के 2 खिलाडियों का राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन हुआ है। शारीरिक शिक्षक मुकेश बोहरा ने बताया कि विद्यालय के खिलाडी मुकेश चौधरी व आशीष चौधरी का 17 वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के उपरांत राष्ट्रीय स्तरीय टीम में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाडी मध्य प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान का नेतृत्व करेंगे।

### पुलिस हिरासत में आरोपी

**दूदू।** जिले के अधीन मोजमाबाद थाने की पुलिस ने दौरान गश्त राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नासनोता के पास एक व्यक्ति को हाथ में चाकू लेकर इधर-उधर लहराते हुए घूमने के दौरान राहगीरों को जान से मारने की धमकियां देने के दौरान गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया थाना प्रभारी संजय मीणा के अनुसार गैस के दौरान अभियुक्त द्वारा लोगों को जान से मारने की धमकियां दी जा रही थी पुलिस ने अभियुक्त जितेंद्र कुमार गुर्जर उम्र 37 वर्ष निवासी नासनोता को आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया

### मोरिया वाले बालाजी मंदिर में हुआ अन्नकूट

**निवाई।** मोरिया वाले बालाजी मंदिर में बालाजी मंडल के तत्वावधान में रविवार को अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाजी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने दिनभर सत्संग व भजन कीर्तन किया। कीर्तन के बाद रामभाजा, पूडी, माल पुआ, खीर एवं मेवे का बालाजी महाराज के भोग लगाया गया। इसके बाद आरती की गई। अन्नकूट महोत्सव को लेकर रंग बिरंगी लाइटिंग से मंदिर को सजाया गया। इस अवसर पर मंदिर मंहत सौरभ दास, पुजारी बजरंग स्वामी, ओमप्रकाश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सीताराम अग्रवाल, मदनलाल सैनी, अशोक पारीक, गणेशलाल सैनी, हरिनारायण शर्मा, इंदिरा देवी, कमला देवी एवं रामदयाल स्वामी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### करंट की चपेट से भैंस की मौत

**निवाई।** गांव मूंडिया की खारडा की ढाणी में करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। मूंडिया की खारडा की ढाणी निवासी दानाराम मीणा पुत्र बिसनाराम मीणा की भैंसे गांव के पास स्थित तालाब में पानी पीने के लिए गई थी। तालाब में एक विद्युत पोल है। जिसमें करंट प्रभावित हो रहा था। पानी पीने के दौरान एक भैंस पोल के समीप पहुंची इस दौरान भैंस करंट की चपेट में आ गई। जिससे भैंस की मौत हो गई। पीड़ित दानाराम मीणा ने सदर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया व पशु चिकित्सक की टीम द्वारा पोस्ट मार्टम किया गया।

### काव्य सग्रंह ''मैं कहूँ नहीं'' का विमोचन

**टोंक।** जनसरोकार मंच टोंक द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में युवा लेखक सिद्धांत शर्मा की पहली पुस्तक, काव्य-संग्रह ''मैं कहूँ नहीं'' का विमोचन 10 नवंबर को सुबह 12 बजे सिटी पैलेस, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में किया गया। इस कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा, कला, और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े शिक्षक, शिक्षिकाएं, युवा, और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नई कृति का स्वागत किया।सिद्धांत राजस्थान के टोंक जिले के निवासी हैं, उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मोडियाला, पीपलू, और टोंक से पूरी की है। डॉ. हरीसिंह पीएचडी कर रहे हैं। हिंदी और अंग्रेजी साहित्य के साथ दर्शन में गहरी रुचि रखने वाले सिद्धांत अपने अध्ययन और लेखन के माध्यम से साहित्य के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं।

# सुन्दरकाण्ड व भजन संध्या के साथ सम्पन्न हुआ शताब्दी वर्ष समारोह

**कोटपूतली।** कस्बावासियों की आस्था के केन्द्र श्रीराम भवन संस्था के 100 वर्ष पूरे होने पर रविवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। समारोह के तीसरे दिन रविवार को प्रात भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा व सैकड़ों महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारम्भ श्रीराम भवन परिसर स्थित राम मंदिर से किया गया। मंदिर के पूजारी पं. योगेश शर्मा द्वारा कलश पूजन करवाकर यात्रा का शुभारम्भ किया गया। यात्रा में भगवान श्रीराम व सीता माता की भव्य झांकी के साथ सैकड़ों महिलायें विभिन्न परिधानों में सिर पर कलश लेकर व पुरूष एवं बच्चे हाथों में ध्वज पताका लेकर भगवान श्रीराम का गुणगान करते हुये चल रहे थे। भगवान श्रीराम व सीता माता की भव्य झांकी व कलश यात्रा कस्बे के विभिन्न प्रमुख मार्गो से निकाली गई।



भगवान श्रीराम की निकली भव्य शोभा यात्रा व कलश यात्रा।

यात्रा श्रीराम भवन से नगर पालिका तिराहा, मुख्य मार्ग से मैन चौराहा, कृष्णा टॉकीज रोड़ से दलीप सिंह राठौड़ पार्क के सामने से मुख्य बाजार आजाद चौक होती हुई श्रीराम भवन मंदिर पहुंची। जहां भगवान श्रीराम की भव्य आरती का आयोजन किया गया। यात्रा का श्रद्धालूओं द्वारा जगह-जगह तोरण द्वार लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष राकेश खजांची, उपाध्यक्ष राजेश बंसल, महामंत्री राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष घनश्याम बंसल, मंत्री अशोक बंसल, सदस्य विष्णु स्वरूप चौधरी, सियाराम शरण बंसल, एड. मधुसुदन अग्रवाल, सुनील खजांची, पं.आनन्द शर्मा, कुलदीप बंसल, अनिल शरण बंसल, दीपक गुप्ता, रमेश किताबवाला, किशन शरण बंसल, बजरंग शरण बंसल, अनूप बंसल, भारत बंसल, दलिप शरण, देवेन्द्र शरण, संतोष किताबवाला, जगदीश बंसल, सौरभ बंसल, डॉ. महेश अग्रवाल, छाजूराम अग्रवाल, ओमप्रकाश बंसल, दीपक चौधरी, सीताराम बंसल, संदीप बंसल, दीपक बंसल, संतोष बंसल (बंटी), मोनू बंसल, प्रबंधक महेश पारीक समेत बड़ी संख्या में महिला पुरूष श्रदालू मौजूद रहे।

भामाशाह एवं पूर्व पदाधिकारी सम्मान समारोह आयोजित - श्रीराम सभा (राम भवन) के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत दोपहर को भामाशाह एवं पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग व अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राकेश खजांची ने की।

- **भामाशाह एवं पूर्व पदाधिकारियों का किया सम्मान**

इस मौके पर भामाशाहों एवं पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। गर्ग ने सनातन धर्म को आगे बढ़ाने और पाश्चयात संस्कृति से दूर रहने की बात कही। पूर्व महामंत्री अनिल शरण ने संस्था के 100 वर्ष के इतिहास पर संक्षिप प्रकाश डाला। अंत में अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर डॉ. मुकेश सैनी, सुनिल, दीपक बंसल, नरेश शेखावत, मुकेश शर्मा, पत्रकार अनिल शरण बंसल, बालकृष्ण शुक्ला, व्याख्याता सुमेश सैनी, व्यापारी कुलदीप सैनी, शिक्षक कमलेश सैनी व दिनेश सैनी, नरसी सैनी, प्राचार्य पूरणचंद कसाना, राजेश सैनी, बीएड कॉलेज के सचिव सत्यनारायण कौशिक, अमरसिंह कुमावत, रामसिंह पायला, राजपाल कसाना, पार्षद मनोज गौड़, दीपक बंसल, सौरभ शरण, सरपंच विक्रम रावत, सुमित शर्मा समेत श्रीराम सभा समिति कार्यकारिणी व बड़ी सख्या में श्रद्धालू उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**कोटा,** (निसं)। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार के अंतर्गत संचालित कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी केंद्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। सीएससी जिला प्रबंधक लोकेश भट्ट व विकाश तूरावा ने बताया कि इन शिविरों में नि:शुल्क ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, पेंशनर का जीवन सत्यापन, जन धन खाते, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आधार सम्बंधित सेवाएं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मानधन योजना, टेली लॉ नि:शुल्क कानूनी सलाह एवं टेलीमेडिसिन तथा गैर सरकारी योजनाओं पेन कार्ड, बैंकिंग लेनदेन, लोन, रिचार्ज, ग्रामीण ई स्टोर, ई कॉमर्स, कृषि सेवाओं आदि सेवाओं में आमजन के नामांकन किए गए। इन सभी योजनाओं के नामांकन करने से आमजन को लाभ मिलेगा। इस दौरान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी जिससे की आमजन को इसका लाभ मिल सकें। यह शिविर हर सीएससी केंद्र पर दो दिन ओर लगेंगे।

# विप्र फाउंडेशन अधिकारी कर्मचारी संघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**कोटा,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन अधिकारी कर्मचारी संघ प्रदेश का दीपावली स्नेह मिलन समारोह मंगलेश्वरी गार्डन कोटा में पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, प्रदेश महामंत्री हरीसूदन शर्मा रहे।

प्रदेश प्रवक्ता रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि समारोह के प्रारंभ में सभी आगंतुक नियुक्त पदाधिकारियों का संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, प्रदेश महामंत्री हरीसूदन शर्मा, अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने दुपट्टा पहनकर स्वागत किया गया।

- **समारोह के प्रारंभ में नियुक्त पदाधिकारियों का संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, प्रदेश महामंत्री हरीसूदन शर्मा, अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने दुपट्टा पहनकर स्वागत किया गया**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज को मनभेद मिटाकर एक होने की आवश्यकता है, एक रहेंगे तभी हमारी संस्कृति और अस्तित्व को बचा पाएंगे, उन्होंने संस्कारों पर बोलते हुए कहा कि जनेऊ और तिलक ब्राह्मण की पहचान है आज हालत यह हो गई हे कि परीक्षाओं में हमारे बच्चों से वह भी उतरवा ली जाती है विप्र समाज इसका कड़ा प्रतिरोध करता हैं।

प्रदेश महामंत्री हरसूदन शर्मा ने समाज में फेल रही कुरीति प्री-वेडिंग शूट और शादी समारोह में अन्न की बर्बादी को हतोत्साहित करने का सभी को संकल्प दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने विप्र समाज के सभी अधिकारी कर्मचारियों से समाज के लोगों को राजकीय कार्यों में सहयोग करने तथा किसी अधिकारी कर्मचारी के साथ दुर्भावना, पीड़ित करने की जानकारी होने पर उसकी सहायता और कड़ा प्रतिरोध जताने का आह्वान किया और आगामी 22 दिसंबर को विप्र फाउंडेशन के द्वारा आयोजित अन्नकूट और परिचय सम्मेलन में विशाल संख्या में शामिल होकर ब्राह्मण एकता का परिचये को कहा।

इस अवसर पर पदाधिकारी रघुनंदन गौतम, जिला अध्यक्ष नरेंद्र नंदवाना, नित्यानंद शर्मा, नमो नारायण शर्मा, रवि गौतम, डॉ. निरंजन गौतम, जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

मिलन समारोह में घनश्याम शर्मा, रौनक मिश्रा, के.के. गौतम, सुनील शर्मा, संजय शर्मा, अपेक्षित शर्मा चंद्र शेखर शर्मा, शैलेश गौतम, अनिल शर्मा रमेश चंद्र शर्मा चंद्र शेखर कटारा, के.के. शर्मा, अरुण शर्मा, नरेश शर्मा, पुरुषोत्तम गौतम, रजनीश शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अंत में बैठक जलपान के साथ संपन्न हुई, प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## कार्यशाला का आयोजन

**रामगंजमण्डी** (निसं)। मोडक मंगलम सीमेंट लिमिटेड क्लब हाउस में रविवार को खान सुरक्षा निदेशालय अजमेर द्वारा हैंडलिंग ऑफ एक्सप्लोसिव इन माइंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अजमेर से आये खान सुरक्षा निदेशक सुरजीत कटेवा ने रामगंजमंडी झालावाड़ क्षेत्र की सभी खदानों में ब्लास्टिंग से संबंधित टेक्निकल व नॉन टेक्निकल कर्मचारियों की मीटिंग का आयोजन किया। कार्यशाला में क्षेत्र की खदानों के माइंस मैनेजर फोरमेन मेट ब्लास्टर व ब्लास्टिंग से जुड़े श्रमिक वर्कशॉप में शामिल हुए। जहां खान सुरक्षा निदेशक सुरजीत कटेवा ने सभी को खदानों में एक्सप्लोसिव को हैंडलिंग व सुरक्षित ब्लास्टिंग करने के बारे में समझाया।

जिससे खदानों में ब्लास्टिंग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सुरक्षित तरीके से ब्लास्टिंग करने के बारे में विस्तार से समझाया गया। एस एम मीणा ने सभी को एक्सप्लोसिव हैंडलिंग ट्रांसपोर्ट व उपयोग एवं सुरक्षित ब्लास्टिंग करने के तरीकों को रेगुलेशन के अनुसार सुरक्षित तरीके से करने के बारे में समझाया।

# इन्द्रनन्दी महाराज एवं मुनि उत्कृष्ट नन्दी का हुआ मंगल प्रवेश

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज निवाई एवं डिग्गी के तत्वावधान में आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज एवं मुनि उत्कृष्ट नन्दी महाराज संघ का गांव बरोनी में मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि आचार्य पदमनन्दी महाराज के शिष्य आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज संध सहित डिग्गी चातुर्मास कर सोहेला होते हुए बरोनी पहुंचे जहां महावीर प्रसाद पराणा, हुकमचंद जैन, प्रेमचंद जैन, विमल सोगानी, प्रकाशचंद जैन, विष्णु बोहरा, प्रकाश पराणा, महेन्द्र जैन व धनश्याम जैन सहित कई श्रद्धालुओं ने श्रीफल चढाकर पूजा अर्चना की। सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य संघ गांव बरोनी से मंगल विहार कर पराणा व नटवाड़ा होते हुए शिवाड़ पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि संघ में संघस्थ जैन मुनि उत्कृष्ट नन्दी महाराज डिग्गी में दीक्षा ली उसके पश्चात जैन मुनि मोक्ष मार्ग प्रशस्त कर अपने दीक्षा गुरु के साथ प्रथम बार विहार करते हुए गांव बरोनी पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट कर अगुवानी की।



निवाई-गांव बरोनी में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज एवं मुनि उत्कृष्ट नन्दी को श्रीफल भेंट कर अगुवानी करते हुए श्रद्धालु।


# प्रशिक्षण के उपरान्त रवाना होंगे मतदान दल

**अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्धारित कार्यक्रमानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रामगढ के लिए 13 नवम्बर 2024 को मतदान होगा।

इस हेतु नियोजित मतदान दल 12 नवम्बर को मतदान दल रवानगी स्थल बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर से अंतिम/तृतीय प्रशिक्षण उपरान्त अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। विधानसभा क्षेत्र के लिये नियुक्त सैक्टर मस्ट्रिेट्स भी मतदान दलों के साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर निर्धारित मतदान केंद्रों/सैक्टर के लिए रवाना होंगे जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मतदान केंद्रों पर टेंट, मंच, कुर्सियां, रोशनी, पेयजल, चिकित्सा व्यवस्था, माइक आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लेवे। उन्होंने बताया कि मतदान दल सर्वप्रथम सामग्री प्राप्त करेंगे तथा सामग्री प्राप्ति के उपरान्त निर्धारित वाहन से मतदान केंद्र के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन प्रकोष्ठ, वाहन व्यवस्था प्रकोष्ठ एवं रिटर्निंग अधिकारी तथा सैक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान दल अपने निर्धारित समय पर गन्तव्य मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान कर जावे। प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन प्रकोष्ठ द्वारा प्रशिक्षण स्थल पर मतदान दलों में नियुक्त कार्मिकों को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु प्रशिक्षण स्थल के पास ही प्रभारी अधिकारी रवानगी-संग्रहण व्यवस्था प्रकोष्ठ से सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाकर कार्मिकों को आने वाली समस्याओं का तुरन्त निस्तारण कराएंगे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए विशाल वृक्ष कथा का आयोजन

**पावटा।** आंवला नवमी के पावन पर्व पर राष्ट ीय स्वयंसेवक की प्रेरणा से एक पेड देश के नाम अभियान के तहत पावटा कस्बा स्थित खोस्या मंदिर मे दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक विशाल वृक्ष कथा का आयोजन किया गया। राष्ट ीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत पर्यावरण संयोजक अशोक कुमार ने बहुत ही रोचक व प्रकृति के लिए आवश्यक पेड पौधों के औषधि गुण के बारे मे विशाल वृक्ष कथा के माध्यम से बहुत ही सुंदर चित्रण किया। और मनुष्य के लिए वृक्षों के महत्व व गुण के बारे मे संगीत में व्यायान करते हुए विस्तार से बताया। इस कथा के अंत मे वृक्ष भगवान की संगीतमय आरती की गई। इस दौरान पौधों से होने वाले फायदो की जानकारी देकर पौधे लगाने व उनका पालन पोषण कर पेड की सुरक्षा का संकल्प सभी को दिलवाया गया। इस कथा मे कार्यक्रम की व्यवस्था जिला जल आयाम प्रमुख विष्णु कुमार टांक द्वारा एवं कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. महेश कुमार सैनी जिला पेड आयाम प्रमुख एवं पावटा खंड पर्यावरण संयोजक के द्वारा बनाई गई कार्यक्रम का शुभारभ उमेश कुमार टांक द्वारा किया गया। संगीत वादक निरंजन लाल सैनी ढोलक वादक, हारमोनियम पर जनार्दन एवं उनके सहयोगी ने निस्वार्थ भाव से कार्यक्रम में भाग लेकर स्वर लहरी बनाए रखी।




कथा वाचन करते।

- **आरएसएस के एक पेड देश के नाम अभियान के तहत कस्बे वासियों को बताया पेडों का महत्व**

इस अवसर पर विभाग शारीरिक प्रमुख मदनलाल सैनी, विभाग सेवा प्रमुख पुरुषोत्तम कुमार मिश्रा, कोटपूतली जिला पर्यावरण संयोजक राम सिंह चौधरी, खंडकाव्य रघु मिश्रा एवं विविध संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

## स्वदेशी स्वावलंबन दिवस के रूप में जयंती मनाई

**छबड़ा** (निसं)। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा रविवार को आदर्श विद्या मंदिर में ऋषि दत्तोपंत ठेंगडी की जन्म जयंती स्वदेशी स्वालंबन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दामोदर सेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि रविशंकर संस्थापक आर्ट ऑफ़ लिविंग फाउंडेशन, मुख्यवक्ता मावी भागैय्या अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य आरएसएस, अध्यक्षता डॉक्टर चिन्मय पंडया उप कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संबोधित किया। वक्ताओं ने स्वदेशी अपनाने और अपने राष्ट्र को स्वावलंबी भारत बनाने पर जोर दिया। भाषा, भूषा, भेषज, भ्रमण सभी स्वदेशी होना चाहिए। हमे भारत की गौरवशाली संस्कृति और परम्पराओ को आग्रहपूर्वक अपनाना चाहिए।

## सार-समाचार

### 2 ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध बजरी से भरे हुए 2 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी जयमलसिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव सजिया के तालाब के समीप से एक ट्रैक्टर ट्राली व गांव कनेसर के समीप से दूसरे ट्रैक्टर ट्रॉली को मय बजरी के जब्त किया है। दोनों ट्रैक्टर ट्राली को सुरक्षार्थ पुलिस थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है।




पुलिस थाने में जब्त ट्रैक्टर ट्रॉली।

### कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

**कोटपूतली।** कृषि विभाग ने फसलों में डीएपी के विकल्प के रुप में सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) अथवा एनपीके उर्वरकों का उपयोग कर जिले के किसानों को कम लागत में गुणवत्ता युक्त अच्छी उपज प्राप्त करने की सलाह दी है। संयुक्त निदेशक कृषि एम.के. जैन ने किसानों को सलाह दी है कि वे रबी फसलों जैसे-सरसों, गेहूं, चना आदि सभी फसलों में डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) अथवा एनपीके उर्वरक की विभिन्न ग्रेडस में से किसी भी ग्रेड का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि डीएपी के स्थान पर 03 बैग एसएसपी, 01 बैग यूरिया का उपयोग करने पर 23 किलोग्राम नाईट्रोजन, 24 किलोग्राम फॉस्फोरस व 16.5 किलोग्राम सल्फर मिलती है, जबकि 01 बैग डीएपी से केवल 09 किलोग्राम नाईट्रोजन व 23 किलोग्राम फॉस्फोरस ही फसलों को मिलती है। साथ ही एनपीके की कई ग्रेडस में भी सल्फर मिलता है। जैन ने बताया कि एसएसपी व एनपीके की कई ग्रेडस से सल्फर भी अतिरिक्त मिलती है, जिससे सरसों में तेल की मात्रा बढ़ती है व उपज भी अधिक मिलती है। साथ ही सल्फर से फसल में प्रोटीन, विटामिन भी ज्यादा मिलते है जो चना फसल के लिये आवश्यक है। किसानों द्वारा डीएपी के स्थान पर एसएसपी अथवा एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने से लागत में भी कमी आती है, क्योंकि एसएसपी प्रयोग करने से सल्फर पर अलग से किसानों को खर्चा नहीं करना पड़ता है। साथ ही एसएसपी उर्वरक का उत्पादन राज्य में ही होने से आसानी से बाजार में उपलब्ध है। राज्य में एसएसपी व एनपीके उर्वरक आसानी से बाजार में उपलब्ध है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वें उर्वरक ६ बीज ६ दवाई अधिकृत विक्रेता से ही लेवें व पक्का बिल अवश्य लेवें। विभाग द्वारा जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। जिस पर किसान खेती व उर्वरकों के संबध में अपनी किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते है व उर्वरकों के संबध में शिकायत भी कर सकते है। नियंत्रण कक्ष का मोबाईल नम्बर 9414207457 है।

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट का आरोप, मामला दर्ज

**खैरथल।** ततारपुर थाना क्षेत्र के गांव में एक महिला के साथ मारपीट और छेड़खानी कर प्राइवेट पार्ट में मिर्ची डालने का मामला सामने आया है। इस हास्य का मामला पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है। महिला को हालत गंभीर होने पर अलवर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । ततारपुर थानाधिकारी अंकेश कुमार ने बताया मंगलवार को कुछ लोगो के खिलाफ घायल महिला के पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट और छेड़खानी करने का मामला नामजद दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला के पति ने बताया कि उनकी पत्नी मिड डे मील के तहत स्कूल में खाना बनाने का काम करती है । शनिवार शाम को स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर आई । घर पर मेरी पत्नी अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली थी । तभी उनके चाचा ताऊ के लड़के एक राय होकर घर में घुस गए और घुसकर बच्चों सहित मेरी पत्नी के साथ लाठी और सरिए से मारपीट की गई और उसके बाद वहां लालू ठाकुर दास स्वामी श्याम सुंदर और सपना सहित मिलकर मेरी पत्नी के कपडे उतार दिए और उसकी प्राइवेट पाट्‌र्स में लाल मिर्च डाल दी जिसकी वजह से वह गम्भीर घायल हो गई । महिला को उपचार के लिए ततारपुर के में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था लेकिन महिला की हालत गंभीर होने पर देर रात अलवर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अभी महिला का उपचार जिला अस्पताल में जारी है । महिला के पति ने थाने में पहुँचकर सभी लोगों के खिलाफ नाम सहित मुकदमा दर्ज करवाया गया है ।

### दिव्यांगजनों के लिये कृत्रिम अंग तथा उपकरण वितरण के कैम्प होंगे आयोजित

**कोटपूतली।** राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा संख्या 92 (1) उपमुख्यमंत्री द्वारा विशेष योग्यजनों को सम्बल प्रदान करने की दृष्टि से मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 15 दिसम्बर को राजस्थान में जिला मुख्यालयों पर 10 हजार विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंगध्उपकरण वितरित किये जाने है। सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों में शिविरों के माध्यम से बजट घोषणा के क्रियान्वयन के साथ ही निदेशालय विशेष योग्यजन द्वारा संचालित सुखद दाम्पत्य जीवन विवाह योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार ऋण योजना, विशेष योग्यजन छात्रवृति योजना, विशेष योग्यजन पेंशन योजना, यू.डी.आई.डी (चिन्हीकरण) योजना आदि योजनाओं में भी आवेदन करवाकर लाभ दिलवाया जाना प्रस्तावित है। जिले में शिविरों का आयोजन पंचायत समिति परिसर में होगा। 12 नवम्बर को पंचायत समिति नीमराना, 13 नवम्बर को पंचायत समिति बहरोड़, 14 नवम्बर को पंचायत समिति पावटा, 19 नवम्बर को पंचायत समिति बानसूर, 20 नवम्बर को पंचायत समिति कोटपूतली व 21 नवम्बर को पंचायत समिति विराटनगर में कैम्प आयोजित होंगे।

# 40 वर्षों का ऐतिहासिक जश्न व शिक्षा का अनोखा कारवां

**टोंक।** सैंट सोल्जर शिक्षा समिति के स्थापना के 40 वर्ष पूरे होन के उपलक्ष्य में टोंक की सड़कों पर एक ऐसा दृश्य उभरा, जो शहरवासियों को रोमांचित और गर्वित कर गया। इस आयोजन की शुरुआत एक साधारण रैली से कहीं अधिक, एक शैक्षणिक आंदोलन के रूप में हुई, जिसने न केवल शिक्षा बल्कि सामाजिक चेतना के अनोखे संदेशों से शहर को गुंजायमान कर दिया। समिति के प्रांगण में सुबह की हल्की धूप में ध्वजारोहण करते हुए संस्था निदेशक बाबूलाल शर्मा ने जब ध्वज फहराया, तो चारों ओर एक अद्‌भुत ऊर्जा का संचार हो उठा। निदेशक बाबूलाल शर्मा ने विशेष रूप से 1984 के प्रथम बैच के छात्रों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर पुराने छात्र जैसे महेश सोनी, दीपा यादव, नवीन सोनी, पिंकी सोनी, हेमलता जैन, मीनाक्षी सोनी, अजय शर्मा और अनवर खान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में हितेश शर्मा, शिप्रा शर्मा, मंजू माथुर, और मदन मोहन शर्मा सहित स्कूल के वर्तमान छात्रों और स्टाफ की अहम भूमिका रही। सभी ने मिलकर एक विशाल रैली का आयोजन किया, जिसमें पुराने और वर्तमान छात्र शिक्षा और समर्पण की एकता का संदेश देते हुए शामिल हुए। इस रैली में करीब पाँच हजार छात्र शामिल हुए थे, लेकिन सबसे चौंकाने वाला नजारा तब देखने को मिला, जब पहले बैच के प्रवेशित छात्रों का माल्यार्पण किया गया और उन्हें साफा पहनाया गया। उनकी आँखों में गर्व और चेहरे पर मुस्कान थी, मानो 40 वर्षों की सफलता की गाथा खुद ब खुद बयां कर रही हो। मगर असली मोड़ तब आया, जब सैंट सोल्जर महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने ''सड़क सुरक्षा, जीवन की रक्षा'' पर अपनी झांकी प्रस्तुत की। उनकी इस प्रस्तुति को देखकर लोगों में जैसे खलबली मच गई और हर कोई चौकन्ना होकर संदेश को समझने लगा। इसके बाद, पंडित जे. पी. उपाध्याय टी.टी. कॉलेज के छात्रों ने श्नर सेवा नारायण सेवा, रक्तदान महादानश पर ऐसी दिल छू लेने वाली झांकी प्रस्तुत की कि कई दर्शकों की आँखों में आंसू आ गये। रैली के दौरान शहर के अलग-अलग हिस्सों में बाबूलाल शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। लोग उनकी गाड़ी के साथ-साथ चलते रहे, जगह-जगह बैनर और पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया।